वार्ड क. 49 ,56 एवं 58 में एक करोड़ पंद्रह लाख रू. के नये विकास कार्य प्रारंभ

(महापौर श्री लाम्बा ने भूमिपूजन कर कार्यो का शुभारंभ कराया)

कोरबा 18 अप्रैल 2012:– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज वार्ड क. 49,56 एवं 58 में एक करोड़ पंद्रह लाख रूपये की लागत वाले 06 नये विकास कार्यो को प्रारंभ किया गया । महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने उक्त वार्ड के पार्षदो ,नागरिको एवं अधिकारियों की उपस्थिति में इन विकास कार्यो का भूमिपूजन किया तथा कार्यो का शुभारंभ कराया ।

निगम द्वारा पश्चिमी कोरबा नदीपार के 03 वार्डो में 06 नये विकास कार्य आज प्रारंभ किये गये । वार्ड क. 49 के श्मशान घाट में 20 लाख रूपये की लागत से बाउंड्रीवाल एवं शेड का निर्माण ,वार्ड क. 49 कटाईनार में 23 लाख 70 हजार रूपये की लागत से सी.सी.रोड एवं आर.सी.सी नाली का निर्माण तथा इसी वार्ड स्थित घुडदेवा बाजार में 13 लाख 57 हजार रूपये की लागत से चबूतरों का निर्माण कराया जाना है ,इसी प्रकार वार्ड क. 56 स्थित शिशु मंदिर स्कूल से एस.ईसी.एल.रोड तक 16 लाख 47 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी.नाली का निर्माण एवं इसी वार्ड के शिशु मंदिर से मुख्यमार्ग तक 23 लाख 14 हजार रूपये की लागत से सड़क का चौड़ीकरण व डामरीकरण का कार्य भी निगम द्वारा संपादित होगा ,साथ ही वार्ड क. 58 बरपाली बस्ती में 18 लाख 06 हजार रूपये की लागत से डब्ल्यू.बी.एम.सड़क का निर्माण कराया जायेगा । आज इन सभी विकास कार्यो का शुभारंभ महापौर श्री लाम्बा द्वारा किया गया । इस अवसर पर महापौर श्री लाम्बा ने कहा कि जनसमस्या निवासरण शिविरों के दौरान इन वार्डो के नागरिको द्वारा उक्त कार्यो को कराये जाने की मांग रखी गयी थी, आमजन की सुविधा एवं आवश्यकता को देखते हुए निगम द्वारा कार्यो का संपादन कराया जा रहा है ,उन्होने कहा कि वार्ड क्र. 49 घुडदेवा स्थित बाजार में चबूतरों का निर्माण कराया जायेगा ,ताकि व्यवसायियों के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके । उन्होने कहा कि निगम द्वारा इस वर्ष सड़क अधोसंरचना ,सड़क रोशनी व्यवस्था तथा बस्तियों में संपूर्ण विद्युतीकरण के कार्यो को प्राथमिकता देते हुए अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यो का संपादन पूरी गति के साथ कराया जायेगा। उन्होने बताया कि राज्य शासन द्वारा कोरबा जिले के लिए 595 विभिन्न क्षमता वाले ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराये गये है ,इन ट्रांसफार्मरों की स्थापना के पश्चात बस्तियों में लो–वोल्टेज जैसी समस्या से मुक्ति मिल सकेगी ,इस अवसर पर महापौर श्री लाम्बा ने उपस्थित बस्ती वासियों को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी एवं सहायता परक योजनाओं एवं छत्तीसगढ़ कर्मकार मंडल की अभिनव योजना कर्मकारों को साईकल ,सिलाई मशीन ,औजार किट विभिन्न मौको पर जैसे दुर्घटना ,आकस्मिक मृत्यु ,शादी विवाह के अवसर पर दी जाने वाली आर्थिक सहायत आदि की विस्तार से जानकारी देने के साथ ही विगत 01 अप्रैल से निगम द्वारा प्रारंभ की गयी श्रद्धाजंली योजना की जानकारी भी प्रदान की ,उन्होने बताया कि निगम द्वारा 01 अप्रैल से श्रद्धांजली योजना प्रारंभ की गयी है ,जिसके तहत् गरीब परिवार के किसी सदस्य के दुखद निधन हो जाने पर उनके दाहसंस्कार हेतु निगम द्वारा तत्काल अपने जोन कार्यालयों के माध्यम से 2500 रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जायेगी, इसके साथ ही उन्होने बस्ती वासियों से सीधी चर्चाकर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली । उन्होने घुडदेवा बाजार के पास टयूबवेल उत्खनन एवं सबमर्शिबल पंप की स्थापना के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी अधिकारियों को दिए । उन्होने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जिन विकास कार्यो के प्रॉक्कलन तैयार कर लिये गये है ,उनकी निविदा आदि की कार्यवाही त्वरित रूप से संपादित कराये ।

भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुशील गर्ग , अजीत कैवर्त एवं अनिल पांडे ,पार्षद जगदीश श्रीवास ,शशिलता यादव , रूखमणी बघेल ,श्यामसुंदर कैवर्त, सुधारसाय चौहान , लखन लाल राठौर एवं संजय कुमार सिंह, भाजपा बांकीमोंगरा मंडल के पूर्व अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह बग्गा ,भारतीय जनता मजदूर महासंघ के जिलाध्यक्ष लोचन राठौर, मुकुल कर्ष ,जयनंद कौशिक , सतीश झा , महेन्द्र यादव , निगम के सहायक अभियंता एन.के.नाथ , तपन तिवारी ,सुनील ताण्डे, योगेश सिंह , मो. अशरफी आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे ।

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)